# संभव

पाक्षिक ई-न्यूजलेटर, अंक - 13

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड
उपक्रम - नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन

1 अगस्त से 15 अगस्त 2026




## मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत

# अपर मुख्य सचिव ने किया भोपाल नगर निगम क्षेत्र का निरीक्षण

**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय दुबे ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत नगर निगम भोपाल के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सेवाओं, विकास योजनाओं तथा नगर निगम के संसाधनों का जायजा लिया।





निरीक्षण के दौरान श्री दुबे ने संबंधित अधिकारियों से विभिन्न कार्यों की प्रगति और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास एवं निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाएं। साथ ही नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर नगर पालिक निगम भोपाल की आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





जनविश्वास अभियान से हर बार, सार्थक होता शुक्रवार

# प्रबंध संचालक ने बुरहानपुर और खुरई में विकास परियोजनाओं का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जनविश्वास कार्यक्रम के तहत आयुक्त, नगरीय विकास एवं आवास विभाग एवं सह प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी श्री संकेत भोंडवे ने अगस्त के प्रथम पखवाड़े में बुरहानपुर और खुरई का दौरा कर नगरीय विकास परियोजनाओं का मैदानी निरीक्षण किया। पहले शुक्रवार को बुरहानपुर में विश्व बैंक सहायतित जल प्रदाय परियोजना के अंतर्गत निर्मित जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने संयंत्र के विभिन्न घटकों, जल शोधन एवं वितरण व्यवस्था तथा अत्याधुनिक SCADA आधारित नियंत्रण एवं निगरानी प्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए परियोजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री भोंडवे ने संयंत्र परिसर में पौधरोपण भी किया।



दूसरे शुक्रवार को खुरई में सीवर परियोजना एवं एकीकृत विकास परियोजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सीवर परियोजना में हाउस कनेक्शन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। एकीकृत विकास परियोजना के निर्माणाधीन घटकों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने नियमित मॉनीटरिंग और मैदानी स्तर पर बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान निर्माणाधीन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर का संदेश भी दिया।

# मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी मुख्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया

# स्वतंत्रता दिवस




**भोपाल।** मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के मुख्यालय में देश की आजादी का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कंपनी के प्रबंध संचालक श्री संकेत भोंडवे ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों से कंपनी परिसर गूंज उठा। ध्वजारोहण के उपरांत सभागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के प्रमुख अभियंता श्री आनंद सिंह एवं उप परियोजना संचालक (तकनीकी) श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने प्रबंध संचालक श्री संकेत भोंडवे का पुष्पगुच्छ एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रबंध संचालक श्री संकेत भोंडवे ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने देश की स्वतंत्रता के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करते हुए मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की विकास यात्रा और विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास से जुड़े कार्यों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है और टीम भावना के साथ बेहतर कार्य करते हुए प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के विकास में योगदान देना हमारा दायित्व है। कार्यक्रम में उप संचालक श्री भविष्य खोब्रागढ़े, कंपनी सचिव सुश्री प्रियंका कुमारी, सीईओ श्री गणवीर सिंह, डॉ. सीताराम टैगोर सहित कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की सभी परियोजना इकाइयों में भी ध्वजारोहण एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ किया गया।